चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......

दिनांक ...21.1.2019... पृष्ठ सं. ...2... कॉलम ...3-5...

# हरियाणवी अंदाज के साथ म्यूजिक और डांस में दिखी उत्तराखंड की लोक संस्कृति

## देवभूमि वेलफेयर सोसायटी का एचएयू के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में हुआ कल्चरल इवेंट

सिटी रिपोर्टर • हरियाणवी अंदाज में मेरा चूंदड़ मंगा दे ओ ननदी के बीरा... तो उत्तराखंडी अंदाज और गोरी के चली भागुली...कुछ ऐसे ही सांस्कृतिक रूप में शुरू हुआ छठा राज्यस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम। यह कार्यक्रम उत्तरायणी और बसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष्य में देवभूमि वेलफेयर सोसायटी की तरफ से एचएयू के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसमें हरियाणवी और उत्तराखंड की लोक संस्कृति को फोक डांस और म्यूजिक के जरिये प्रजेंट किया गया।

साथ ही मां नंदा देवी की राजयात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। एचएयू के वीसी प्रो. केपी सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की।साथ ही मेयर गौतम सरदाना सुरेंद्र बिष्ट, दिनेश चंद्र सेमवाल, रतन कुमार आर्य, एसएस कंतूरा, पूजा पंत और नरेंद्र विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।





मां नंदा देवी की राजयात्रा रही विशेष



गोरी के चली भागुली... पर प्रस्तुति देते हुए।



मेरा चूदड़ मंगा दे ओ ननदी के बीरा...।



**रूढ़ि बौ ये वसंती बा ए :** सोसायटी के चेयरमैन मोहन सिंह रावत ने बताया कि समारोह में उत्तराखंड के लोक कलाकार चंद्रकांता शर्मा, दीनदयाल, मुकेश कठैत, प्रकाश आर्य, पूजा गोरला पहुंचे। जिन्होंने रूढ़ि बौ ये वसंती बाए, पांडव खेला पांसु, गौमुख, ओ टूआ बेलेना जैसे गीतों पर प्रस्तुति दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....
दिनांक ..21.1.2019... पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....1-6....

# देवभूमि वेलफेयर सोसायटी के बसंत पंचमी समारोह में दिखी पहाड़ी संस्कृति

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में मनाया गया उत्तरायणी एवं बसंत पंचमी पर्व

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। देवभूमि वेलफेयर सोसायटी की ओर से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में उत्तरायणी एवं बसंत पंचमी पर्व मनाया गया। इस दौरान छठा राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व पारितोषिक वितरण समारोह भी आयोजित किया गया।

समारोह के दौरान लोक कलाकारों ने पहाड़ की संस्कृति का छटा बिखेरते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान गीत से लेकर एकल और सामूहिक नृत्य की कई प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ.हरक सिंह रावत ने शिरकत की जबकि अध्यक्षता हकृवि कुलपति प्रो.केपी सिंह ने की। वहीं मेयर



कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देतीं मानशी, दीपचंद्रा और कमल।



कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं महिलाएं।

गौतम सरदाना, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल के पीए ललित शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि हरियाणा के विकास में उत्तराखंड के लोगों का भी योगदान है। इस तरह के कार्यक्रमों से एक-दूसरे प्रदेश की संस्कृति को समझने का अवसर मिलता है। यह सराहनीय प्रयास है कि दूसरे प्रदेश में आने के बाद भी उत्तराखंडवासी अपनी संस्कृति से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र के लोग खूब मेहनती होते हैं। उनके इरादे भी पहाड़ की तरह बुलंद होते हैं। वहीं प्रो.केपी सिंह ने भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक दृष्टि से बेहद उपयोगी हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम अमर उजाला

दिनांक 20.1.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 4-7

# छात्राओं ने रेडक्रॉस ट्रेनिंग शिविर में जीते पुरस्कार

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने स्टेट लेवल यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग शिविर में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए। यह 6 दिवसीय शिविर कुरुक्षेत्र में आयोजित हुआ था, जिसमें विश्वविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की सहायक निदेशिका डॉ. जयंती टोकस के मार्गदर्शन में भाग लेने गई इन छात्राओं को प्रशिक्षण के दौरान फर्स्टएड, ब्लड डोनेशन, डिजास्टर मैनेजमेंट आदि विषयों पर संसाधन व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।



छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया एवं अन्य अधिकारियों के साथ छात्राएं।

डॉ. टोकस ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का संपूर्ण विकास करना एवं उनमें मानवता की भावना जागृत करना था। डॉ. जयंती टोकस के अनुसार इन छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किए। ग्रुप डांस में प्रियंका गुप्ता,

## कुरुक्षेत्र में आयोजित हुआ था छह दिवसीय शिविर

कनिका, पूजा यादव, पूजा, रवीना एवं प्रीती ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि सोलो डांस में प्रीति ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त पूजा यादव को लक्की स्टार का टाइटल भी प्राप्त हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने रेडक्रॉस इकाई के संयोजक डॉ. अनिल कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. भगत सिंह व छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर
दिनांक 20.1.2019 पृष्ठ सं. 17, 2 कॉलम 1-2, 4-5

## रेडक्रॉस कैंप में एचएयू की छात्राओं को दूसरा स्थान



छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया और अन्य अधिकारियों के साथ छात्राएं।

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने स्टेट लेवल यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में पुरस्कार प्राप्त किए। यह 6 दिवसीय कैंप कुरुक्षेत्र में आयोजित हुआ था, जिसमें विश्वविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की सहायक निदेशिका डा. जयंती टोकस ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का संपूर्ण चरित्र विकास करना एवं उनमें मानवता की भावना जागृत करना था। डा. जयंती टोकस के अनुसार इन छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किए। ग्रुप डांस में प्रियंका गुप्ता, कनिका, पूजा यादव, पूजा, रवीना एवं प्रीती ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि सोलो डांस में प्रीति ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त पूजा यादव को लक्की स्टार का टाइटल भी प्राप्त हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया ने रैडक्रॉस इकाई के संयोजक डा. अनिल कुमार, एनएसएस प्रभारी डा. भगत सिंह व छात्राओं को शुभकामनाएं दी। (जासं)

## एचएयू की छात्राओं ने ट्रेनिंग कैंप में जीते पुरस्कार

**हिसार** | एचएयू की छात्राओं ने स्टेट लेवल यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में पुरस्कार प्राप्त किए। यह 6 दिवसीय कैंप कुरुक्षेत्र में आयोजित हुआ था जिसमें विश्वविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की सहायक निदेशिका डॉ. जयंती टोकस के मार्गदर्शन में भाग लेने गई इन छात्राओं को प्रशिक्षण के दौरान फर्स्ट एड ट्रेनिंग, ब्लड डोनेशन, डिजास्टर मैनेजमेंट आदि विषयों पर संसाधन व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का संपूर्ण चरित्र विकास करना एवं उनमें मानवता की भावना जागृत करना था। डॉ. जयंती टोकस के अनुसार इन छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किए। ग्रुप डांस में प्रियंका गुप्ता, कनिका, पूजा यादव, पूजा, रवीना एवं प्रीति ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरि भूमि....
दिनांक ..20.1.2019.. पृष्ठ सं. ..11.. कॉलम ..1..



## हकृवि की छात्राओं ने रेडक्रॉस कैंप में जीते पुरस्कार

हिसार। हकृवि की छात्राओं ने स्टेट लेवल यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में पुरस्कार प्राप्त किए। यह 6 दिवसीय कैंप कुरूक्षेत्र में आयोजित हुआ था जिसमें विश्वविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की सहायक निदेशिका डॉ. जयंती टोकस के मार्गदर्शन में भाग लेने गई इन छात्राओं को प्रशिक्षण के दौरान फर्स्टएड ट्रेनिंग, ब्लड डोनेशन, डिजास्टर मैनेजमैंट आदि विषयों पर संसाधन व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का संपूर्ण चरित्र विकास करना एवं उनमें मानवता की भावना जागृत करना था। डॉ. जयंती टोकस के अनुसार इन छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किए। गुरप डांस में प्रियंका गुप्ता, कनिका, पूजा यादव, पूजा, रवीना एवं प्रीती ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया जबकि सोलो डांस में प्रीति ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त पूजा यादव को लक्की स्टॉर का टाइटल भी प्राप्त हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने रैडक्रॉस इकाई के संयोजक डॉ. अनिल कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. भगत सिंह व छात्राओं को शुभकामनाएँ दी तथा भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक ट्रिब्यून....

दिनांक ..20.1.2019.. पृष्ठ सं. ..5.. कॉलम ..7-8..

## हकृवि की छात्राओं ने जीते पुरस्कार

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने स्टेट लेवल यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैम्प में पुरस्कार जीते। 6 दिवसीय कैम्प का आयोजन कुरुक्षेत्र में किया गया था, जिसमें विश्वविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं को मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की सहायक निदेशक डॉ. जयंती टोकस द्वारा प्रशिक्षण के दौरान फर्स्ट एड ट्रेनिंग, ब्लड डोनेशन, डिजास्टर मैनेजमेंट आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। ग्रुप डांस में प्रियंका गुप्ता, कनिका, पूजा यादव, पूजा, रवीना एवं प्रीती ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि सोलो डांस में प्रीति ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त पूजा यादव को लक्की स्टॉर का टाइटल भी प्राप्त हुआ।



हिसार में शनिवार को रेडक्रॉस कैम्प में पुरस्कार जीतकर लौटी छात्राओं के साथ छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया एवं अन्य अधिकारी। -निस

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....नित्य शान्ति टाईम्स....
दिनांक ..19.1.2019... पृष्ठ सं. ...8..... कॉलम ...5-6.....

# हकृवि छात्राओं ने स्टेट लेवल यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में जीते 6 पुरस्कार



हिसार, 19 जनवरी (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने स्टेट लेवल यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में पुरस्कार प्राप्त किए। यह 6 दिवसीय कैंप कुरूक्षेत्र में आयोजित हुआ था जिसमें विश्वविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया।

मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की सहायक निदेशिका डॉ. जयंती टोकस के मार्गदर्शन में भाग लेने गई इन छात्राओं को प्रशिक्षण के दौरान फर्स्टएड ट्रेनिंग, ब्लड डोनेशन, डिजास्टर मैनेजमेंट आदि विषयों पर संसाधन व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का संपूर्ण चरित्र विकास करना एवं उनमें मानवता की भावना जागृत करना था। डॉ. जयंती टोकस के अनुसार इन छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किए।

ग्रुप डाँस में प्रियंका गुप्ता, कनिका, पूजा यादव, पूजा, रवीना एवं प्रीती ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया जबकि सोलो डाँस में प्रीति ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त पूजा यादव को लकी स्टॉर का टाइटल भी प्राप्त हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने रैडक्रॉस इकाई के संयोजक डॉ. अनिल कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. भगत सिंह व छात्राओं को शुभकामनाएँ दी तथा भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......सिटी पल्स......
दिनांक ...19.1.2019... पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ...1-6...

# एचएयू की छात्राओं का स्टेट लैवल यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राओं ने स्टेट लैवल यूथ रैडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में पुरस्कार प्राप्त किए। यह 6 दिवसीय कैंप कुरूक्षेत्र में आयोजित हुआ था जिसमें विश्वविद्यालय की 10 छात्राओं ने भाग लिया। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय की सहायक निदेशिका डॉ. जयंती टोकस के मार्गदर्शन में भाग लेने गई इन छात्राओं को प्रशिक्षण के दौरान फर्स्टएड ट्रेनिंग, ब्लड डोनेशन, डिजास्टर मैनेजमैंट आदि विषयों पर संसाधन व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का संपूर्ण चरित्र विकास करना एवं उनमें मानवता की भावना जागृत करना था।

डॉ. जयंती टोकस के अनुसार इन छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किए। ग्रुप डांस में प्रियंका गुप्ता, कनिका, पूजा यादव, पूजा, रवीना एवं प्रीति ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया जबकि सोलो डांस में प्रीति ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त पूजा यादव को लकी स्टॉर का टाइटल भी प्राप्त हुआ।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने रैडक्रॉस इकाई के संयोजक डॉ. अनिल कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. भगत सिंह व छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



*हिसार। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया एवं अन्य अधिकारियों के साथ छात्राएं।*